सांवरा दिल को लगा चुराने | By Sunil Sarvottam

कृष्णा कन्हैया श्याम.....रास रचैया श्याम.....

माखन चोरी छोड़ सांवरा दिल को लगा चुराने
कभी वो जाए जमुना तीरे कभी जाए बरसाने

कृष्णा कन्हैया श्याम.....रास रचैया श्याम.....

आती जाती गोपियों को करे परेशान वो
मोटे मोटे नैनो से चलाये तीखे बाण वो
मीठी मीठी मुरली से वो प्यारी प्यारी मुरली से वो
गाये मधुर तराने दिल को लगा चुराने
माखन चोरी छोड़ सांवरा दिल को लगा चुराने

कृष्णा कन्हैया श्याम.....रास रचैया श्याम.....

जमुना के तीरे जाके श्याम छुप जाता है
स्नान करे जब गोपियाँ तो कपडे चुराता है
जब गोपियाँ रूठने लगती लीला करके न्यारी लगता उन्हें मनाने
माखन चोरी छोड़ सांवरा दिल को लगा चुराने
कभी वो जाए जमुना तीरे कभी जाए बरसाने

कृष्णा कन्हैया श्याम.....रास रचैया श्याम.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%9a%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-by-sunil-sar/